24

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 11 मार्च, 2019 की बैठक का कार्यवृत्त

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 11 मार्च, 2019 को 12.30 बजे प्रशासनिक खण्ड के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

1.	आचार्य प्रमोद कुमार जैन, निदेशक	-	अध्यक्ष
2.	आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, अधिष्ठाता (संसाधन एवं पूर्व छात्र)	-	उपाध्यक्ष
3.	आचार्य के.के. शुक्ला, अधिष्ठाता (संकाय कार्य)	-	सदस्य
4.	आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग	-	सदस्य
5.	आचार्य सत्यवीर सिंह, रासायनिक अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग	-	सदस्य
6.	श्री राजन श्रीवास्तव, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) एवं कार्यवाहक कुलसचिव	-	सदस्य
7.	श्रीमती स्वाति बिस्वास, संयुक्त कुलसचिव (लेखा)	-	सदस्य
8.	श्री गंगेश शाह गोंडवाना, सहायक कुलसचिव (राजभाषा)	-	सदस्य सचिव

अधिष्ठाता (छात्र कार्य), अधिष्ठाता (अनु. एवं विकास), अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य), आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं श्री जगदीश नारायण राय, संयोजक, केंद्रीय सचिवालय, हिंदी परिषद, वाराणसी बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची के मदों पर चर्चा प्रारम्भ की गई।

मद सं. 1: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 09 अक्टूबर, 2018 की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:

दिनांक 09 अक्टूबर, 2018 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त की समिति ने पुष्टि की।

मद सं. 2: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 09 अक्टूबर, 2018 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 09 अक्टूबर, 2018 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की पुष्टि करते हुए निम्नलिखित निर्णय लिए गए:

क) संस्थान के गणितीय विज्ञान विभाग के आचार्य एस.के.उपाध्याय एवं आचार्य संजय कुमार पांडेय से वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा विज्ञान एवं

तकनीकी विषय पर कार्यशाला मार्च, 2019 से अक्टूबर, 2019 के बीच आयोजित कराने हेतु अनुरोध किया जाय।

ख) संस्थान में प्रस्तावित हिंदी में शोध एवं विज्ञान से संबन्धित एक सम्मेलन का आयोजन करवाने एवं आयोजन की तिथि का निर्धारण करने हेतु आचार्य पी.के.मिश्रा, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग से अनुरोध किया जाय।

ग) संस्थान में हिंदी अधिकारियों का राजभाषा हिंदी से संबन्धित एक सम्मेलन आयोजित करवाने की तिथि का निर्धारण किया जाय एवं उक्त तिथि को सम्मेलन आयोजित किया जाय।

मद सं. 3: राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को संस्थान की ऑनलाइन माध्यम से भेजी गयी पिछली हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा।

समिति को अवगत कराया गया कि संस्थान की राजभाषा के प्रयोग से संबंधित दिसंबर 2018 (अक्टूबर से दिसंबर) तिमाही की प्रगति आख्या राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को ऑनलाइन माध्यम से भेजी जा चुकी है।

समिति को यह भी अवगत कराया गया कि दिसंबर 2018 तिमाही की प्रगति रिपोर्ट कुल 43 विभागों/स्कूलों/ अनुभागों में से 35 से उक्त रिपोर्ट प्राप्त हुई।

समिति ने निर्णय लिया कि जिन विभागों/स्कूलों/अनुभागों से उक्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई उनसे रिपोर्ट न भेजने का कारण बताने एवं उक्त रिपोर्ट यथाशीघ्र भिजवाने का अनुरोध किया जाय।

मद सं. 4: संस्थान में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की वर्तमान स्थिति पर चर्चा:

संस्थान में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई जिसके उपरांत निम्नलिखित निर्णय लिए गए –

क) संस्थान की वेबसाइट (iitbhu.ac.in) का हिंदी रूपांतरण उपलब्ध कराने एवं इसका विमोचन अप्रैल के अंतिम सप्ताह में करवाने का निर्धारण करने हेतु अध्यक्ष, वेब मैनेजमेंट एवं ई-मेल सर्विसेज समिति को पत्र के माध्यम से अनुरोध किया जाय।

ख) सभी विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों को अपने विभाग/स्कूल/अनुभाग/इकाई के कार्यालय में कम से कम एक द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेजी) हिंदी टंकण की-बोर्ड उपलब्ध करवाने हेतु अनुरोध किया जाय।

ग) सभी विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों से अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों *(जिनकी विषयवस्तु छोटी हो)* का उत्तर द्विभाषी में देने हेतु अनुरोध किया जाय।

22

घ) हिंदी में पुस्तक लेखन हेतु सहयोग राशि प्रदान किया जाता है । इस संबंध में समन्वयक, क्यू.आई.पी (QIP) से इससे संबंधित प्रावधान से राजभाषा प्रकोष्ठ को अवगत कराने हेतु अनुरोध किया जाय।

च) संस्थान के समस्त विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों से उनके विभाग/स्कूल/अनुभाग/इकाई में राजभाषा हिंदी से संबंधित कार्यों के देखरेख एवं उसके सुचारु रूप से कार्य संपादन हेतु एक कार्मिक (गैर-शैक्षणिक या शैक्षणिक) को नामित करने एवं उक्त नामित कर्मचारी की सूचना राजभाषा प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का अनुरोध किया जाय।

(गंगेश शाह गोंडवाना) सदस्य सचिव	(स्वाति बिस्वास) सदस्य	(राजन श्रीवास्तव) सदस्य
(सत्यवीर सिंह) सदस्य	(संजय कुमार पांडेय) सदस्य	(के.के.शुक्ला) सदस्य
(अनिल कुमार त्रिपाठी) उपाध्यक्ष	(प्रमोद कुमार जैन) अध्यक्ष	